(x) एफएमए के संदाय करने के पश्चात, वर्तमान में, सीपीपीसी, केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय द्वारा जारी 'प्राधिकृत बैंकों द्वारा केंद्र सरकार के सिविल पेंशनभोगियों को पेंशन के संदाय की योजना' के 5वें संस्करण में निहित प्रक्रिया/अनुदेशों का अनुसरण करेगा, ताकि प्रतिपूर्ति, लेखा और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए यथासंभव और अपेक्षित सीमा तक कार्य किया जा सके। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत लाभार्थी को एफएमए के संदाय के लिए अनुदेश तैयार किए जाएं और केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय द्वारा सीपीपीसी को सम्यक प्रक्रिया से जारी किए जाएं।

(xi) एफएमए आहरित करने वाला व्यक्ति, एफएमए जारी रखने के लिए प्रत्येक वर्ष के नवंबर माह में संबंधित बैंक में जीवन प्रमाणपत्र(डिजिटल या भौतिक) जमा करेगा। जनवरी से देय एफएमए का संदाय तभी किया जाएगा जब सेवानिवृत्त व्यक्ति ने विगत नवंबर माह में देय जीवन प्रमाणपत्र जमा कर दिया हो।

(xii) सेवानिवृत्त एनपीएस कार्मिक के कुटुंब का सदस्य, सेवानिवृत्त एनपीएस कार्मिक/एफएमए लाभार्थी की मृत्यु के बारे में यथाशीघ्र तथा मृत्यु की तारीख से एक माह के भीतर सूचित करेगा, ताकि सीपीपीसी द्वारा एफएमए का संदाय रोक दिया जाए। लाभार्थी की मृत्यु होने पर, अंतिम संदाय के बाद मृत्यु की तारीख तक की अवधि के लिए आनुपातिक एफएमए अगले लाभार्थी/नामनिर्देशिती को संदत्त होगा।

(xiii) एफएमए लाभार्थी की मृत्यु होने पर, यदि एफएमए के लिए पात्र पति/पत्नी/कुटुंब के सदस्य का नाम एफएमए संदाय प्राधिकार में उल्लिखित है, तो पति/पत्नी/कुटुंब का सदस्य एफएमए के संवितरण के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र सहित बैंक को आवेदन पत्र देगा। बैंक तदनुसार उन्हें एफएमए का संवितरण करना शुरू करेगा। यदि एफएमए के लिए पात्र कुटुंब के सदस्य का नाम एफएमए प्राधिकार में उल्लिखित नहीं है, तो एफएमए लाभार्थी की मृत्यु होने पर, कुटुंब का सदस्य एक नया एफएमए प्राधिकार जारी करने के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र सहित कार्यालय अध्यक्ष को अपना आवेदन प्रस्तुत करेगा। तत्पश्चात, कुटुंब के सदस्य के पक्ष में एक नया एफएमए प्राधिकार जारी करने के लिए एफएमए प्राधिकार जारी करने की प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ कुटुंब के सदस्य की पात्रता के बारे में कार्यालय अध्यक्ष का समाधान करना और एफएमए प्राधिकार जारी करने के लिए मामला पीएओ को भेजना सम्मिलित होगा। कुटुंब को एफएमए मंजूर करने के लिए पात्रता की शर्तें केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन के यथावत होंगी।

(xiv) सेवारत कर्मचारी की मृत्यु होने पर, यदि कुटुंब एनपीएस के अंतर्गत एकमुश्त राशि और/या वार्षिकी के लाभ का हकदार है, तो कुटुंब के सदस्य के पक्ष में कुटुंब पेंशन के लिए पीपीओ जारी करने के लिए लागू प्रक्रिया मृतक एनपीएस कर्मचारी कुटुंब के पात्र सदस्य के पक्ष में एफएमए प्राधिकार जारी करने के लिए अपनाई जाए।

(xv) बैंक निम्नलिखित रीति से तिमाही आधार पर एफएमए का संदाय करेगा:

- दिसंबर से फरवरी तक के महीनों के लिए - मार्च के पहले सप्ताह में
- मार्च से मई तक के महीनों के लिए - जून के पहले सप्ताह में
- जून से अगस्त तक के महीनों के लिए - सितंबर के पहले सप्ताह में
- सितंबर से नवंबर तक के महीनों के लिए - दिसंबर के पहले सप्ताह में

सितंबर से नवंबर तक के महीनों के लिए एफएमए का संदाय दिसंबर के पहले सप्ताह में किया जाए और एफएमए के सभी बाद के संदाय नवंबर माह में देय जीवन प्रमाणपत्र(डिजिटल या भौतिक) जमा करने के अध्यधीन होंगे।

(xvi) सेवानिवृत्त एनपीएस कर्मचारियों और उनके कुटुंबों को संवितरित एफएमए की राशि सरकार द्वारा मौजूदा प्रणाली के अनुसार बैंकों को संवितरित की जाएगी।

(xvii) एफएमए प्राधिकार में बैंक/कुटुंब/नामनिर्देशिती का ब्यौरा सम्मिलित होगा, जिसका उपयोग वेतन आदि के किसी भी बकाया के भुगतान के लिए किया जा सकता है, जो वेतन आयोग की सिफारिश के कार्यान्वयन या किसी अन्य कारण से कर्मचारी को देय हो सकता है।

(xviii) एफएमए भुगतान करने वाले प्राधिकृत बैंकों के सीपीपीसी में रखे गए सभी एफएमए भुगतान, खाता, रिकॉर्ड और रजिस्टर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक या इस संबंध में सरकार द्वारा नियुक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा ऑडिट के लिए उपलब्ध रहेंगे। सीएजी द्वारा ऑडिट के अलावा, आंतरिक लेखा परीक्षा विंग, केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय एफएमए भुगतान के संबंध में प्राधिकृत बैंकों के सीपीपीसी का ऑडिट भी करेगा।

(xix) **मौजूदा प्रक्रिया ऐसे पेंशनभोगियों/कुटुंब पेंशनभोगियों को एफएमए के संदाय के लिए है** जो केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 द्वारा शासित हैं और केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमों के अधीन अशक्तता या नि:शक्तता पेंशन/कुटुंब पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

(xx) **जैसा कि सीजीए ने सूचित किया है, एफएमए के लिए** भुगतान उसी लेखा शीर्ष से और उसी प्रकार किया जाए जैसा कि वर्तमान में किया जा रहा है। एफएमए बुकिंग के लिए व्यय हेतु, निम्नलिखित लेखा शीर्ष का उपयोग किया जाए :-

2071	पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभ
2071.01-	सिविल
2071.01.101	अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति भत्ते
2071.01.101.01	साधारण पेंशन
2071.01.101.01.00.04	अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति भत्ते, साधारण पेंशन
2071.01.101.04	साधारण पेंशन(अखिल भारतीय सेवा)
2071.01.101.04.00.04	अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति भत्ते, साधारण पेंशन(अखिल भारतीय सेवा)
2071.01.101.05	नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (एनपीएस) साधारण पेंशन (अशक्त पेंशन) के अंतर्गत कवर किए गए सरकारी कर्मचारियों की मृत्यु/नि:शक्तता पर अतिरिक्त राहत

2071.01.101.05.00.04	नई परिभाषित अंशदान योजना(एनपीएस) साधारण पेंशन (अशक्त पेंशन) के अंतर्गत कवर किए गए सरकारी कर्मचारियों की मृत्यु/नि:शक्तता पर अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति भत्ता, अतिरिक्त राहत।
2071.01.101.02.00.04	कुटुंब पेंशन

6. ये आदेश इस आदेश के जारी होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

7. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इन आदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

8. ये आदेश वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की सहमति से उनके दिनांक 07.12.2022 के आई.डी. नोट संख्या 18(2)/ई.वी./2021 द्वारा जारी किए जाते हैं।

9. भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में कार्यरत कार्मिकों के संबंध में, भारत के संविधान के अनुच्छेद 148(5) के अधीन यथाअधिदेशित, ये आदेश भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के साथ परामर्श करने के पश्चात जारी किए जाते हैं।

संलग्नक : यथोक्त

(रविन्द्र कुमार)
निदेशक

सेवा में,

1. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
3. सीएजी, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
4. रेल मंत्रालय, रेल बोर्ड, नई दिल्ली को सूचनार्थ।
5. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
6. वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली।
7. सीजीए, व्यय विभाग, आईएनए, नई दिल्ली।
8. एनआईसी को इस विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

नियत चिकित्सा भत्ता प्ररूप एन-1

(सेवानिवृत्ति/मृत्यु होने के पश्चात केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत चिकित्सा प्रसुविधा या नियत चिकित्सा भत्ता का लाभ उठाने हेतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली सेवानिवृत्त/कुटुंब पेंशनभोगी के लिए)

1.	मैं निम्नलिखित पते पर निवास करता हूं/करूंगा :-			आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ
	फ्लैट/मकान नंबर और स्ट्रीट/अवस्थान			
	गांव एवं डाकघर		नगर एवं जिला	
	राज्य		पिन कोड	
2.	अर्हक सेवा वर्षों की सं.			
3.	**मैं निम्नलिखित प्रसुविधा के लिए विकल्प देता हूं(नीचे लागू कॉलम में से किसी एक को चिन्हित करें)**			
	(i) मैं केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना क्षेत्र के भीतर निवास करुंगा और केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ लूंगा।			
	(ii) मैं केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना क्षेत्र के भीतर निवास करुंगा किंतु केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ नहीं लूंगा। मैं समझता हूं कि मैं नियत चिकित्सा भत्ता(एफएमए) के लिए पात्र नहीं होऊंगा।			
	(iii) मैं गैर-केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना क्षेत्र में निवास करुंगा किंतु अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) और बहिरंग रोगी विभाग(ओपीडी) उपचार के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ लूंगा। मैं नियत चिकित्सा भत्ता के लिए पात्र नहीं होऊंगा।			
	(iv) मैं गैर-केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना क्षेत्र में निवास करुंगा किंतु केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना अंशदानों का संदाय करके आईपीडी उपचार के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना सुविधा का लाभ लूंगा। मैं ओपीडी उपचार के लिए नियत चिकित्सा भत्ता का भी लाभ लूंगा।			
	(v) मैं गैर-केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना क्षेत्र में निवास करुंगा और आईपीडी उपचार तथा ओपीडी उपचार दोनों के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना सुविधा का लाभ नहीं लूंगा। मैं नियत चिकित्सा भत्ता का लाभ लूंगा।			
	(vi) मैं अपने पति/पत्नी/कुटुंब सदस्य, जो सरकार/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/स्वायत्त निकाय का कर्मचारी है/पेंशनभोगी है, को उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लूंगा। मै केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना और नियत चिकित्सा भत्ता का लाभ नहीं लूंगा।			
	(vii) मैं पूर्व संगठन की चिकित्सा सुविधा का लाभ लूंगा। मैं केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना और नियत चिकित्सा भत्ता का लाभ नहीं लूंगा।			
	टिप्पण :- नियमों के अनुसार यह मेरा एक बार का विकल्प परिवर्तन है और यह मेरे द्वारा दिए गए पिछले विकल्प को अधिक्रमित करता है। मैं समझता हूं कि मैं इस विकल्प में पुनः परिवर्तन नहीं कर पाऊंगा(यदि लागू न हो तो इस मद को काट दें)			

ब्यौरा :

सेवानिवृत्त होने वाले/कुटुंब पेंशनभोगी का नाम :	
कुटुंब पेंशनभोगी होने की दशा में, मृतक पेंशनभोगी का नाम	
पेंशनभोगी के साथ नातेदारी	
कार्यालय पता	
वर्तमान आवासीय पता	
बैंक खता सं.	
बैंक का पता(शाखा का नाम)	
आईएफएससी कोड	

वचनबंध

मैं, _____ (सेवानिवृत्त कर्मचारी)*/[मृतक कर्मचारी का कुटुंब पेंशनभोगी_____ (कुटुंब पेंशनभोगी की दशा में मृतक कर्मचारी का नाम लिखें)]* जो _____कार्यालय में काम कर रहा था(कार्यालय का पूरा पता) यह घोषणा करता हूं कि मैं _____में निवास करता हूं जो सीजीएचएस या मंत्रालय/विभाग (यथास्थिति)_____ द्वारा प्रशासित किसी तदनुरूप स्वास्थ्य योजना के दायरे में नहीं आता है। मैंने आस-पास के क्षेत्र में स्थित किसी भी अन्य डिस्पेंसरी से मंत्रालय/विभाग की सीजीएचएस/तदनुरूप स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आउटडोर सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कोई सीजीएचएस कार्ड प्राप्त नहीं किया है और न ही प्राप्त करना चाहता हूं।

नोट: * जो लागू न हो उसे काट दें

स्थान :-

दिनांक :-

(कार्यालय अध्यक्ष का हस्ताक्षर)

(आवेदक का हस्ताक्षर)

प्ररूप 2

कुटुंब के ब्यौरे

[केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 का नियम 10(3) देखें]

महत्वपूर्ण

1. सरकारी कर्मचारी/अभिदाता द्वारा प्रस्तुत मूल प्ररूप को प्रतिधारित किया जाए। सरकारी कर्मचारी/सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी/अभिदाता द्वारा सभी परिवर्धन या परिवर्तन समर्थक दस्तावेजों सहित संसूचित किए जाएं और स्तम्भ 7 में कार्यालय अध्यक्ष के हस्ताक्षर से किए गए परिवर्तनों को इस प्ररूप में अभिलिखित किया जाए, मूल प्ररूप के स्थान पर नया प्ररूप न भरा जाए। तथापि, सेवानिवृत्त होने वाला अभिदाता सेवानिवृत्ति के समय कुटुंब के ब्यौरे दोबारा प्रस्तुत करेगा।

2. पति या पत्नी, सभी बालक और माता-पिता(चाहे कुटुंब पेंशन के लिए पात्र हो या नहीं) तथा नि:शक्त सहोदरों(भाइयों और बहनों) के ब्यौरे दिये जा सकेंगे।

3. कार्यालय अध्यक्ष "टिप्पणियां" स्तम्भ में कुटुंब में परिवर्धन या परिवर्तन संबंधी संसूचना की प्राप्ति की तारीख उपदर्शित करेगा। नि:शक्तता या कुटुंब सदस्य की वैवाहिक प्रास्थिति में परिवर्तन संबंधी तथ्य को भी "टिप्पणियां" स्तम्भ में उपदर्शित किया जाए।

4. पति और पत्नी में न्यायिक रूप से पृथक पति और पत्नी सम्मिलित होंगे।

5. सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के तारीख 4 नवंबर, 1992 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1(23)-पी&पीडब्ल्यू/91-ई के अधीन विहित प्रोफार्मा में सेवानिवृत्ति के पश्चात् कुटुंब संरचना में परिवर्तन के ब्यौरे संलग्न करेगा।

6. जन्म प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न की जाएं। कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाणपत्र, यदि उपलब्ध हो, तो उनकी प्रतियां भी संलग्न की जाए।

सरकारी कर्मचारी/अभिदाता का नाम	पदनाम	राष्ट्रीयता

कुटुंब के सदस्यों के ब्यौरे:

क्र.सं.	नाम (कृपया भरने से पूर्व नीचे दी गई टिप्पणियों को देखें)	जन्मतिथि दिन/मास/वर्ष	आधार सं.* (वैकल्पिक)	सरकारी कर्मचारी/सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी/अभिदाता के साथ नातेदारी	वैवाहिक प्रास्थिति	टिप्पणियां	कार्यालय अध्यक्ष के हस्ताक्षर और तारीख
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.							
2.							
3.							
4.							
5.							
6.							
7.							
8.							

मैं ..... कार्यालय अध्यक्ष को कोई भी परिवर्धन या परिवर्तन अधिसूचित करके उपर्युक्त विशिष्टियों को अदद्यतन रखने का एतदद्वारा वचन देता हूँ।

ई-मेल:(वैकल्पिक)..... स्थान .....

मोबाइल:(वैकल्पिक)..... तारीख.....

(हस्ताक्षर)

**आधार सं. देना वैकल्पिक है। तथापि, यदि यह दिया जाता है, तो इसे केवल पेंशन से संबंधित उद्देश्य के लिए बैंक खाते से जोड़ने और यूआईडीएआई से पहचान के प्रमाणीकरण के लिए सहमति दी गई, समझा जाएगा।*

फॉरमैट एन-1

अति संदाय की वसूली के लिए बैंक को वचनबंध
(सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी द्वारा दिया जाए)

सेवा में,

शाखा प्रबंधक

_____(बैंक का नाम)

_____(शाखा व पता)

महोदय/महोदया,

आपके बैंक के माध्यम से खाता संख्या_____ के अधीन नियत चिकित्सा भत्ता(एफएमए) का संदाय।

मेरे अनुरोध पर, आपके पास मेरे खाते में प्रतिमास जमा करके मुझे नियत चिकित्सा भत्ते का संदाय करने के लिए सहमत होने पर, मैं, अधोहस्ताक्षरी, घोषणा करता हूं कि यदि मेरे आवासीय पते की स्थिति में परिवर्तन होता है, अर्थात गैर-सीजीएचएस क्षेत्र से सीजीएचएस द्वारा कवर किए गए क्षेत्र में, तो मैं आपको तत्काल सूचित करूंगा।

मैं किसी ऐसी रकम जिसका मैं हकदार नहीं हूं या कोई ऐसी रकम जो मेरे खाते में उस रकम से जिसका मैं हकदार हूं या होगा, अधिक जमा की गई हो, को वापस करने या उसकी पूर्ति करने के लिए सहमत हूं और इसका वचन देता हूं।

इसके अलावा मैं, एतद्द्वारा, अपने और अपने वारिसों, उत्तराधिकारी, निष्पादकों और प्रशासकों से आबद्ध करने के लिए इस योजना के अंतर्गत मेरी नियत चिकित्सा भत्ते(एफएमए) को मेरे खाते में जमा करने में बैंक को हुई किसी भी हानि से और उसके विरूद्ध क्षतिपूर्ति करने के लिए और उसे बैंक को तत्काल भुगतान करने के लिए और बैंक को मेरे उक्त खाते या बैंक के कब्जे में मेरे किसी अन्य खाते/जमा राशि को डेबिट करके देय राशि की वसूली के लिए अपरिवर्तनीय रूप से अधिकृत करने के लिए सहमत हूं और इसका वचन देता हूं।

भवदीय

(सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी का हस्ताक्षर)

नाम :

पता :

साक्षी

(1) हस्ताक्षर
नाम :-
पता :-
दिनांक :-

(2) हस्ताक्षर
नाम :-
पता :-
दिनांक :-

नियत चिकित्सा भत्ता प्ररूप एन-2

नियत चिकित्सा भत्ता के बकायों का संदाय करने के लिए नामनिर्देशन प्ररूप)
(केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 द्वारा शासित सरकारी कर्मचारी के लिए)

मैं,..... नीचे वर्णित व्यक्ति/व्यक्तियों को, एतद्द्वारा नामनिर्देशित करता हूं और मेरी मृत्यु होने की दशा में उसे/उन्हें नीचे विनिर्दिष्ट सीमा तक नियत चिकित्सा भत्ता की बकाया रकम प्राप्त करने का अधिकार प्रदत्त करता हूँ:

नामनिर्देशिती का नाम, जन्मतिथि और पता	कर्मचारी/ पेंशनभोगी से नातेदारी	प्रत्येक को संदत्त किया जाने वाला अंश	यदि नामनिर्देशिती अवयस्क है,तो उस व्यक्ति का नाम, जन्मतिथि और पता, जो अवयस्क के निमित्त रकम प्राप्त कर सकेगा	स्तम्भ (1) के अधीन नामनिर्देशिती की कर्मचारी से पूर्व मृत्यु होने की दशा में, आनुकल्पिक नामनिर्देशिती का नाम, जन्मतिथि, नातेदारी और पता	प्रत्येक को संदत्त किया जाने वाला अंश	उस व्यक्ति का नाम, जन्मतिथि और पता, जो स्तम्भ (5) में आनुकल्पिक नामनिर्देशिती के अवयस्क होने की दशा में रकम प्राप्त कर सकेगा	वह आकस्मिकता जिसके घटित होने पर नामनिर्देशन अविधिमान्य हो जाएगा
1	2	3	4	5	6	7	8

ये नामनिर्देशन पूर्व में मेरे द्वारा किए गए किन्हीं नामनिर्देशनों को अधिक्रांत करेंगे।

स्थान :

तारीख :

सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के हस्ताक्षर

दूरभाष/मोबाइल सं.

टिप्पण : 1 उन फ़ायदों को पूरी तरह काट दें जिसके लिए नामनिर्देशन आशयित नहीं है।

टिप्पण: 2 सरकारी कर्मचारी अंतिम प्रविष्टि के नीचे खाली स्थान पर तिरछी रेखाएं खींचेगा ताकि उसके हस्ताक्षर करने के पश्चात् किसी नाम को अंतःस्थापित न किया जा सके।

टिप्पण: 3 पूर्ण रकम के अंश के अंतर्गत नामनिर्देशिती(यों)/आनुकल्पिक नामनिर्देशिती(यों) को संदेय सारी रकम आ जानी चाहिए।

तारीख ..... को नियत चिकित्सा भत्ता के बकायों के संदाय के लिए नामनिर्देशन प्राप्त किए:-

श्री/श्रीमती/कुमारी ..... द्वारा किया गया

पदनाम .....

कार्यालय.....

कार्यालयाध्यक्ष/प्राधिकृत राजपत्रित अधिकारी का नाम, हस्ताक्षर और पदनाम, मुहर सहित

प्राप्ति की तारीख .....

प्राप्त करने वाला अधिकारी उपरोक्त जानकारी को भरेगा और सम्यक रूप से भरे प्ररूप की हस्ताक्षरित प्रति सरकारी कर्मचारी को लौटाएगा जो उसे सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा ताकि वह उसकी मृत्यु होने की दशा में उसके हिताधिकारियों को प्राप्त हो सके।

प्राप्त करने वाला अधिकारी इस प्ररूप के दोनों पृष्ठों पर अपने दिनांकित हस्ताक्षर करेगा।

******

No. 04/07/2020-P&PW(D)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110003
Dated :- 06th December, 2023

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Grant of Fixed Medical Allowance (FMA) to Pensioners/Family Pensioners covered under National Pension System-reg

In accordance with the existing instructions, **Fixed Medical Allowance (FMA)** is admissible to the Central Government civil pensioners/family pensioners (i) residing in areas not covered under Central Government Health Scheme or any corresponding Health Scheme administered by other Ministries/Departments and (ii) not availing OPD facility under CGHS. FMA is disbursed to the pensioners by the Pension Disbursing Authorities/Banks along with their monthly pension.

2. FMA is also admissible to retired **National Pension System** (NPS) employees who are granted pension under Old Pension Scheme on account of invalidation/disability and to the family members of deceased NPS employees, who are granted family pension as per the Old Pension Scheme on death of NPS employee during service. Grant of FMA in such cases is subject to fulfilment of the usual conditions therefor.

3. Ministry of Health and Family Welfare issued orders vide O.M. No S.11011/10/2012-CGHS(P)/EHS dated 28th March, 2017 extending the CGHS facility to Government servants who retire under NPS, if they fulfil the following conditions:

(i) Minimum years of qualifying service for eligibility of CGHS membership after retirement-10 years
(ii) No minimum qualifying years of service for availing CGHS facilities in case of death/disability.
(iii) In case of absorption in an Autonomous Body/Statutory Body, NPS subscribers can avail CGHS after their retirement only if the Autonomous Body/Statutory Body, where they are absorbed, is covered for their retired employees, subject to condition (i) above.
(iv) In case of deputation to an Autonomous Body/Statutory Body, no CGHS coverage till such period of deputation continues unless the entity to which the employee has been transferred on deputation is covered by CGHS.
(v) Status quo to be maintained for serving NPS subscribers subject to conditions at (iii) and (iv) above.
(vi) Other conditions such as definition of family, CGHS contribution, conditions of dependency etc. will be applicable as per the existing rules.

4. The matter regarding grant of FMA to the employees who retire from NPS has been considered in consultation with the Department of Expenditure, Office of Controller General of Accounts (CGA) and Ministry of Health & Family Welfare. It has now been decided that such retired NPS employees, who otherwise fulfil the conditions for availing CGHS facility as mentioned in para 3 above, shall be eligible for grant of FMA on the same rates as in the case of pensioners drawing pension under Old Pension Scheme, if they are residing outside CGHS area and do not avail OPD facility under CGHS after retirement. Accordingly, those NPS retirees who are eligible for CGHS facility but are residing outside CGHS area shall be entitled to FMA as per the applicable rate, if they do not avail any CGHS facility or avail only the IPD facility under CGHS.

5. The modalities for sanctioning FMA to NPS retirees have been considered in consultation with the office of Controller General of Accounts (CGA) and the following procedure is laid down for sanction of FMA to the NPS retirees:

(i) The retiring Government servant shall submit the following forms/documents in triplicate to the Head of Office (HOO):

(a) Application-cum-undertaking in prescribed format (FMA Form N-1) along with two copies of photograph, specimen signature and identification marks.

(b) Details of family in prescribed format [Form-2 of CCS (Implementation of National Pension System) Rules, 2021. (Referred to in Rule 10 (3) of those Rules)].

(c) Undertaking addressed to bank for recovery of overpayment in prescribed format (Format N-1).

(d) Nomination Form for payment of Arrears of FMA in prescribed format (FMA Form N-2).

(ii) The Head of Office, shall scrutinise the application and apply the necessary checks. After complying with the rules and instructions issued by the Government of India regarding eligibility for payment of FMA to the retired Government Servant, the HOO shall forward the FMA case along-with two sets of forms/documents referred to in sub-para (a) to (d) above to the Pay & Accounts Officer for issue of FMA payment authority. The Head of Office shall retain one set of each of the Forms/documents mentioned above. The Head of Office will maintain the files, registers and records relating to all such cases for future requirements.

(iii) The PAO shall apply the necessary checks and prepare FMA Payment Authority. The PAO will issue the FMA authority and send it to the Central Pension Accounting Office (CPAO) along with one set of forms documents mentioned in sub-para (a) to (d) above and the copy of the forwarding letter sent to him by HOO. The FMA authority shall include the name of spouse/family member who would be eligible for FMA in the event of death of the retired NPS employee. For this purpose, the eligibility conditions for grant of FMA to the family would be the same as in the case of family pension under CCS (Pension) Rules. The Pay & Accounts Officer will endorse copy of FMA Payment Authority to the Head of Office as well as NPS retiree/beneficiary. The Pay & Accounts Officer will maintain the files, registers and records relating to all such cases for future requirements.

(iv) The Central Pension Accounting Office will feed the data of all such cases individually and also keep scanned copies of all documents received from Pay & Accounts Officer in its data base. After, carrying out necessary checks, CPAO will prepare Special Seal Authority (SSA) and send the same along with all the Forms received from Pay & Accounts Officer and mentioned in sub-para (a) to (d) above to the concerned Central Pension Processing Centre (CPPC) of the Authorised Bank for payment of FMA to the beneficiary. The Central Pension Accounting Office will endorse the copy to the PAO & beneficiary.

(v) The Central Pension Processing Centre (CPPC) of the Authorised bank, after receiving the Special Seal Authority for payment of FMA from CPAO, will credit the amount of FMA, at the rate notified from time to time by the Department of Pension & Pensioners' Welfare, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions in respect of retirees governed by CCS (Implementation of NPS) Rules, 2021, in the bank account of the beneficiary on monthly basis. The payment of FMA will be automatic and no bill is required to be submitted by the beneficiary. The CPPC will strictly follow the instructions mentioned in the Special Seal Authority for Payment of FMA issued by the CPAO and any other orders issued by the Government on the subject. The amount of FMA disbursed to the retired NPS employees and their families will be reimbursed by the Government to the banks as per the existing system.

(vi) In the case of change in option by the beneficiary from FMA to CGHS (OPD) facility, the instructions contained in the Department of Pension & Pensioners' Welfare, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions' OM No. 4/05/2019-P&PW(D) dated 23.03.2022 as amended from time to time will be followed.

(vii) NPS retiree/beneficiary has option for getting FMA credited in their savings bank account opened or to be opened with any of the CBS enabled branch of concerned authorized bank (either single account in their name or joint account with member of their family in whose favour an authorization for FMA exists in the FMA Payment Authority) and operated either by "former or survivor" or "either or survivor" basis. The NPS retiree/beneficiary in whose favour FMA has been sanctioned should be the primary account holder in the joint account.

(viii) For payment of FMA to NRI beneficiary, opening of bank account and facility for withdrawal of FMA to sick and physically handicapped beneficiary, the procedures/instructions laid down in the Para Nos. 16 & 17 respectively of the 'Scheme for Payment of Pensions to Central Government Civil Pensioners by Authorized Banks' (5th Edition) issued by Central Pension Accounting Office shall be followed.

(ix) For transfer of account from one branch/bank to another for payment of FMA, the procedure laid down in Para 15 of the 'Scheme for Payment of Pensions to Central Government Civil Pensioners by Authorized Banks' (5th Edition) issued by Central Pension Accounting Office shall be followed.

(x) After making payment of FMA, the CPPC, for the present, shall follow the procedure/instructions contained in 5th Edition of "Payment of Pensions to Central Government Civil Pensioners by Authorised Banks" issued by Central Pension Accounting Office, for reimbursement, accounting and submission of reports to the extent feasible and required. Further, instructions for payment of FMA to the beneficiary under National Pension System will be formulated and issued by the Central Pension Accounting office to CPPC's in due course.

(xi) The person drawing FMA shall submit life certificate (Digital or physical) every year in November in the concerned bank for continuing the FMA. The payment of FMA due in following January onwards will be made only after the retiree has submitted the life certificate due in preceding November.

(xii) The member of family of NPS retiree will intimate about the death of NPS retiree/FMA beneficiary at the earliest and not later than one month after the date of death so that the Payment of FMA is stopped by the CPPC. On death of a beneficiary, pro-rata FMA for the period after the last payment up to the date of death shall be paid to the next beneficiary/nominee.

(xiii) On the death of FMA beneficiary, if the name of the spouse/family member eligible for FMA is mentioned in the FMA Payment Authority, the spouse/family member will apply to the bank along with the Death Certificate for disbursement of FMA to him/her. The bank will accordingly start disbursement of FMA to him/her. If the name of family member eligible for FMA is not mentioned in the FMA authority, then, on death of an FMA beneficiary, the member of the family shall apply to the Head of the Office along with death certificate for issue of a fresh FMA authority. Thereafter, the exercise as for issuing an FMA authority shall be followed for issuing a fresh FMA authority in favour of the family member. This will, inter-alia, include satisfying of HOO about eligibility of the family member and forwarding case to PAO for issue of FMA authority. PAO, after exercising necessary checks will issue authority and send case to CPAO for making payment through CPPC. The eligibility conditions for grant of FMA to the family would be same as in case of family pension under CCS (Pension) Rules, 2021.

(xiv) On death of a serving employee, if the family is entitled to benefits of lump-sum and/or annuity under NPS, the procedure applicable for issuing PPO for family pension in favour of a family member would be adopted for issuing FMA authority in favour of eligible family member of deceased NPS employee.

(xv) The Bank shall make payment of FMA on quarterly basis in the following manner:

- For the months of December to February – In the first week of March
- For the months of March to May – In the first week of June
- For the months of June to August – In the first week of September
- For the months of September to November – In the first week of December

The payment of FMA to be made in the first week of December for the months of September to November and all subsequent payments of FMA will be subject to submission of life certificate (Digital or Physical) due in the month of November

(xvi) The amount of FMA disbursed to the retired NPS employees and their families will be disbursed by the Government to the banks as per the existing system.

(xvii) The FMA authority shall include the details of the Bank/Family/Nominee which may be utilised for payment of any arrears of the pay, etc., which may become due to the employee on account of implementation of recommendation of Pay Commission or any other reason.

(xviii) The FMA payments, Account, Records and Registers maintained in the CPPC of Authorised Banks making FMA payments shall be open to audit by the Comptroller and Auditor General of India or any person appointed by Government in this regard. In addition to audit by C&AG, the Internal Audit Wing, Central Pension Accounting Office will also conduct audit of CPPCs of Authorised Banks in respect of FMA payments.

(xix) The existing procedure is for payment of FMA to those Pensioners/Family Pensioners who are governed by CCS(Implementation of NPS) Rules, 2021 and are in receipt of invalid or disability pension/family pension under CCS(Pension) Rules will continue.

(xx) As informed by CGA, payments towards FMA may be done through same Head of Account and on the same lines as being done presently. The expenditure for booking FMA, following Head of Account will be used:-

2071	Pensions and other Retirement Benefits
2071.01-	Civil
2071.01.101	Superannuation and Retirement Allowances
2071.01.101.01	Ordinary Pensions
2071.01.101.01.00.04	Superannuation and Retirement Allowances, Ordinary Pension
2071.01.101.04	Ordinary Pensions (AIS)
2071.01.101.04.00.04	Superannuation and Retirement Allowances, Ordinary Pension (AIS)
2071.01.101.05	Additional Relief on Death/Disability of Government Servants Covered by the New Defined Contribution Pension Scheme (NPS) Ordinary Pensions (Invalid Pension)
2071.01.101.05.00.04	Superannuation and Retirement Allowances, Additional Relief on death/disability of Government Servants covered by the New Defined Contribution Scheme (NPS) Ordinary Pension (Invalid Pension)
2071.01.101.02.00.04	Family Pension

6. These orders will take effect from the date of issue of order.

7. All Ministries/Departments are requested to give wide publicity to these orders.

8. These orders issue with the concurrence of Ministry of Finance, Department of Expenditure, vide their I.D. Note No. 18(2)/EV/2021 dated 07.12.2022.

9. In so far as the persons serving in the Indian Audit and Accounts Department are concerned, these orders are issued in consultation with the Comptroller and Auditor General of India, as mandated under Article 148(5) of the Constitution of India."

10. Hindi version will follow.

Encl: as above

(Ravinder Kumar) 6/12/23
Director

To

1. All Central Govt. Ministries / Departments.
2. Department of Expenditure, Ministry of Finance, North Block, New Delhi.
3. C&AG, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi.
4. Ministry of Railways, Railway Board, for information, New Delhi.
5. Department of Personnel and Training, North Block, New Delhi.
6. Department of Financial Services, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi.
7. CGA, Department of Expenditure, INA, New Delhi.
8. AD(OL) for Hindi version.
9. NIC for posting on the website of this Department.

FMA FORM N-1

(For NPS Retiree/Family Pensioner availing Medical Facilities under Central Government Health Scheme or Fixed Medical Allowance after Retirement/Death)

<table>
<tr><td rowspan="4">1.</td><td colspan="3">I reside/will be residing at the following address:-</td><td rowspan="2">Passport size photo of the Applicant</td></tr>
<tr><td>Flat/House No. and Street/Locality</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>Village & PO</td><td></td><td>City & District</td><td></td></tr>
<tr><td>State</td><td></td><td>Pin Code</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="3">No. of years of qualifying service</td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="4">I opt the following facility (tick any one in the column applicable below)</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(i) I will be residing in CGHS area and would be availing CGHS Facility.</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(ii) I will be residing in a CGHS area but would not be availing CGHS Facility. I understand that I will not be eligible for Fixed Medical Allowance (FMA)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(iii) I will be residing in non-CGHS area but would be availing CGHS facility for In-patient Department (IPD) and Out-patient Department (OPD) treatment. I will not be eligible for FMA.</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(iv) I will be residing in a non-CGHS area but would be availing CGHS facility for IPD treatment only by payment of CGHS contributions. I will also avail FMA for OPD treatment.</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(v) I will be residing in a non-CGHS area and would not be availing CGHS facility for both IPD treatment and OPD treatment. I will avail FMA.</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(vi). I will avail medical facilities available to spouse/family member who is an employee/pensioner of Government/PSU/Autonomous Body. I will not avail CGHS facility and FMA.</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(vii). Avail medical facility of previous organisation. I will not avail CGHS facility and FMA</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">Note:- This is my one time change in option as provided in the Rules and it supersedes the earlier option given by me. I understand that I shall not be able to change this option again (Strike out this item if not applicable)</td></tr>
</table>

Details:

Name of the retiring employee/family pensioner:	
In case of Family Pensioner, give Name of Deceased Pensioner	
Relationship with Pensioner	
Office Address	
Present Residential Address	
Bank Account No.	
Bank Address (Branch Name)	
IFSC Code	

Undertaking

I, _____ (a retired employee)*/[family pensioner of the deceased employee _____(write name of deceased employee in case of family pensioner)]* who was working in the office_____(Complete Office Address) declare that I am residing at _____ which area is not covered under CGHS or any corresponding health Scheme administered by the Ministry/Department _____ (as the case may be). I also have not obtained nor wish to obtain any CGHS card for availing outdoor facilities under CGHS/Corresponding Health Scheme of the other Ministry/Department from any dispensary situated in the adjoining area.

Note: * Strike out whichever is not applicable

Place:-
Date:-

(Signature of Head of Office)

(Signature of Applicant)

FORM 2

Details of Family

[See rule 10(3) of CCS (Implementation of National Pension System) Rules, 2021]

Important

1. The original Form submitted by the Government servant/ Subscriber is to be retained. All additions or alterations are to be communicated by the Government servant/retired Government servant /Subscriber alongwith the supporting documents and the changes shall be recorded in this Form under the signature of Head of Office in Col 7. No new Form will substitute the original Form. However, the retiring Subscriber should submit the details of family afresh at the time of retirement.

2. The details of spouse, all children and parents (whether eligible for family pension or not) and disabled siblings (brothers and sisters) may be given.

3. The Head of Office shall indicate the date of receipt of communication regarding addition or alteration in the family in the 'Remarks' column. The fact regarding disability or change of marital status of a family member should also be indicated in the 'Remarks' column.

4. Wife and husband shall include judicially separated wife and husband.

5. The retired Government servant shall attach the details of change in family structure after retirement in the proforma prescribed under Dept. of P.& P.W., O.M No. 1 (23)-P.&PW/91-E, dated the 4th November, 1992.

6. Copies of birth certificates to be attached. Copies of any other relevant certificates, if available, should be attached.

Name of the Government Servant/Subscriber	Designation	Nationality

Details of Family Members:

S.No	Name (Please see notes below before filling)	Date of Birth (DD/MM/ YYYY)	Aadhaar No. * (Optional)	Relationship with Govt. servant/retired Government servant/ subscriber	Marital Status	Remarks	Dated Signature of Head of Office
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.							
2.							
3.							
4.							
5.							
6.							
7.							
8.							

I hereby undertake to keep the above particulars up to date by notifying to the Head of Office any addition or alteration.

Email: (Optional) _____ Place _____

Mobile: (Optional) _____ Date _____

_____

(Signature)

** Providing Aadhaar No. is optional. However, if it is provided, consent to link it to Bank Account and also for authentication of identity from UIDAI for pension related purpose only, is presumed.*

Format N-1

UNDERTAKING TO BANK FOR RECOVERY OF OVERPAYMENT
(To be given by the Government Servant/Pensioner)

To

The Branch Manager

_____ (Bank Name)

_____(Branch & Address)

Sir/Madam,

Payment of Fixed Medical Allowance (FMA) under A/c No. _____ through your Bank.

In consideration of your having, at my request, agreed to make payment of Fixed Medical Allowance due to me every month by credit to my account with your Bank. I, the undersigned declare that I will inform you immediately in case there is change in the status of my residential address i.e from Non-CGHS Covered Area to a CGHS Covered Area.

I agree and undertake to refund or make good any amount to which I am not entitled or any amount which may be credited to my account in excess of the amount to which I am or would be entitled.

I further hereby undertake and agree to bind myself and my heirs, successor, executors and administrators to indemnify the bank from and against any loss, suffered or incurred by the bank in so crediting my Fixed Medical Allowance (FMA) to my account under the scheme and to forthwith pay the same to the bank and also irrevocably authorise the bank to recover the amount due by debit to my said account or any other account/deposits belonging to me in the possession of the bank.

Yours faithfully

(Signature of Govt. Servant/Pensioner)

Name:

Address:

Witnesses

(1) Signature
Name:-
Address:-

Date:-

(2) Signature:
Name:
Address:

Date

FMA FORM N-2

(Nomination Form for payment of arrears of Fixed Medical Allowance)
(For Government Servant governed by CCS(Implementation of NPS) Rules, 2021)

I,..... hereby nominate the person/persons mentioned below and confer on him/her/them the right to receive in the event of my death, to the extent specified below amount of the arrear of Fixed Medical Allowance:

Name, Date of Birth (DoB) and address of the nominee	Relationship with employee/ pensioners	Share to be paid to each	If nominee is minor, name, DOB and Address of person who may receive the amount of behalf of minor	Name, DoB, Relationship and Address of alternate nominee in case of the nominee under Col (1) predeceases the employee/pensioner	Share to be paid to each	Name and Address of person who may receive the amount if alternate nominee in Col.(5) is a minor	Contingency on happening of which nomination shall become invalid
1	2	3	4	5	6	7	8

These nominations supersede any nominations made by me earlier.

Place:
Date:

Signature of Government Servant/Pensioner

Telephone/Mobile No

Note1:- Completely strike out the benefit for which nomination is not intended to be made.

Note2:- The government servant shall draw lines across the blank space below the last entry to prevent the insertion of any name after he/she has signed.

Note 3:- The nominee(s) /alternate nominee(s)' shares together should cover the whole amount.

Received the nominations dated..... for payment of arrears of Fixed Medical Allowance :-

made by Shri/Smt/Kumari.....
Designation.....
Office.....

Name, Signature and Designation of Head of Office/authorised Gazetted Officer with seal

Date of receipt.....

The receiving officer will fill the above information and return a duly signed copy of the complete Form to the Government servant who should keep it in safe custody so that it may come into the possession of the beneficiaries in the event of his /her death.

The receiving officer shall put his/her dated signature on both pages of this Form.

*****

सं. 42/04/2023-पी&पीडब्ल्यू(डी)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोक नायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक: 28 दिसंबर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- पांचवें केंद्रीय वेतन आयोग श्रृंखला में मूल अनुग्रह राशि का भुगतान पाने वाले अंशदायी भविष्य निधि(सीपीएफ) लाभार्थियों को दिनांक 01.07.2023 से लागू महंगाई राहत की मंजूरी।

अधोहस्ताक्षरी को इस विभाग के दिनांक 06.07.2023 के कार्यालय ज्ञापन सं. 42/04/2023-पी&पीडब्ल्यू(डी) का संदर्भ देने और यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रपति जी ने यह निर्णय लिया है कि पांचवें केंद्रीय वेतन आयोग श्रृंखला में मूल अनुग्रह राशि का भुगतान पाने वाले अंशदायी भविष्य निधि(सीपीएफ) लाभार्थियों को अनुज्ञेय महंगाई राहत को **दिनांक 01.07.2023** से निम्नलिखित रीति से बढ़ाया जाएगा:-

(i) ऐसे जीवित सीपीएफ लाभार्थी जो दिनांक 18.11.1960 तथा 31.12.1985 की अवधि के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं और दिनांक 27 जून, 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/10/2012- पी&पीडब्ल्यू(ई) द्वारा दिनांक 4 जून 2013 से समूह क, ख, ग और घ के लिए क्रमश: 3000/- रू, 1000/- रू, 750/- रू और 650/- रू की दर से मूल अनुग्रह राशि पाने के हकदार हैं, **दिनांक 01.07.2023** से मूल अनुग्रह राशि के **412%** से मूल अनुग्रह राशि के **427%** तक संवर्धित महंगाई राहत पाने के हकदार होंगे।

(ii) निम्नलिखित श्रेणियों के सीपीएफ लाभार्थी **दिनांक 01.07.2023** से मूल अनुग्रह राशि के **404%** से मूल अनुग्रह राशि के **419%** तक संवर्धित महंगाई राहत पाने के हकदार होंगे:-

(क) दिनांक 01.01.1986 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए दिवंगत सीपीएफ लाभार्थी या दिनांक 01.01.1986 से पूर्व सेवा में रहते हुए दिवंगत होने वाले सीपीएफ लाभार्थी की विधवाएं और पात्र आश्रित संतानें दिनांक 27 जून, 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/10/2012-पी&पीडब्ल्यू(ई) द्वारा दिनांक 4 जून 2013 से 645/- रू. प्रतिमाह की दर पर संशोधित अनुग्रह राशि पाने के हकदार हैं।

(ख) केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जो 18.11.1960 से पूर्व सीपीएफ़ लाभ सहित सेवानिवृत्त हुए थे, और जिन्हें 654/- रूपए, 659/- रूपए, 703/- रूपए और 965/- रूपए की अनुग्रह राशि मिल रही है।

2. महंगाई राहत के भुगतान में यदि रूपए का कोई भाग हो, तो उसे अगले उच्चतर रूपए में पूर्णांकित कर दिया जाए।

3. यह पेंशन संवितरण प्राधिकारियों, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक आदि भी हैं, का दायित्व होगा कि वे प्रत्येक व्यक्ति के मामले में संदेय महंगाई राहत की मात्रा की गणना करें।

4. भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में कार्यरत कार्मिकों के संबंध में, भारत के संविधान के अनुच्छेद 148(5) के अधीन यथाअधिदेशित, ये आदेश भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के साथ परामर्श करने के पश्चात् जारी किए जाते हैं।

5. इसे वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 06 नवंबर, 2023 के का.ज्ञा.सं.1/3(2)/2008-ई.II(बी) के अनुसरण में जारी किया जाता है।

रविंद्र

(रविंद्र कुमार)
निदेशक

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)।
2. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव और महालेखाकार।
3. सभी प्राधिकृत पेंशन संवितरण बैंकों के सीएमडी/ सीपीपीसी।
4. भारत के सी&एजी, यूपीएससी, इत्यादि मानक पृष्ठांकित सूची के अनुसार।
5. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सूचनार्थ।

No. 42/04/2023-P&PW (D)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan,
Khan Market, New Delhi - 110003
Dated 28th December, 2023

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Grant of Dearness Relief in the 5th CPC series effective from 01.07.2023 to CPF beneficiaries in receipt of basic ex-gratia payment-reg

The undersigned is directed to refer to this Department's OM 42/04/2023-P&PW(D) dated 06.07.2023 and to say that the President is pleased to decide that the Dearness Relief admissible to the CPF beneficiaries in receipt of basic ex-gratia payment in the 5th CPC series shall be enhanced **w.e.f 01.07.2023** in the following manner :-

(i) The surviving CPF beneficiaries who have retired from service between the period 18.11.1960 and 31.12.1985, and are entitled to basic ex-gratia @ Rs.3000, Rs.1000, Rs.750 & Rs.650 for Group A, B, C & D respectively w.e.f 4th June,2013 vide OM No. 1/10/2012-P&PW(E) dtd. 27th June, 2013 shall now be entitled to enhanced Dearness Relief from **412%** of the basic ex-gratia to **427%** of the basic ex-gratia **w.e.f 01.07.2023.**

(ii) The following categories of CPF beneficiaries shall be entitled to enhanced Dearness Relief from **404%** of the basic ex-gratia to **419%** of the basic ex-gratia **w.e.f 01.07.2023**:-

(a) The widows and eligible dependent children of the deceased CPF beneficiary who had retired from service prior to 01.01.1986 or who had died while in service prior to 01.01.1986 and are entitled to revised ex-gratia @ Rs.645/-p.m w.e.f 04 June, 2013 vide OM No 1/10/2012-P&PW(E) dated 27th June,2013.

(b) Central Government employees who had retired on CPF benefits before 18.11.1960 and are in receipt of Ex-gratia payment of Rs. 654/-, Rs.659/-, Rs.703/- and Rs.965/-.

2. Payment of DR involving a fraction of a rupee shall be rounded off to the next higher rupee.

3. It will be the responsibility of the pension disbursing authorities, including the nationalized banks, etc. to calculate the quantum of DR payable in each individual case.

4. In so far as the persons serving in Indian Audit and Accounts Department are concerned, these orders are issued in consultation with the Comptroller and Auditor General of India, as mandated under Article 148(5) of the Constitution of India.

5. This issues in pursuance of Ministry of Finance. Department of Expenditure's OM No. 1/3(2)/2008-E.II(B) dated 06th Nov, 2023.

6. Hindi version will follow.

(Ravinder Kumar)
Director

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. Chief Secretaries and AGs of all States/UTs.
3. CMDs/CPPCs of all authorised Pension Disbursing Banks
4. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.
5. Reserve Bank of India (RBI) for Information.

सं.1/1(1)/2023-पी&पीडबल्यू(ई)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग
****

लोक नायक भवन, खान मार्केट,
नई दिल्ली, दिनांक 1 जनवरी, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 में संशोधन- वैवाहिक कलह के कारण अदालत में तलाक की कार्यवाही दायर करने या घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम या दहेज प्रतिषेध अधिनियम या भारतीय दंड संहिता के अधीन किसी मामले को दायर करने की स्थिति में महिला सरकारी कर्मचारियों/महिला पेंशनभोगी को कुटुंब पेंशन के लिए अपने पति से पूर्व अपने बच्चे/बच्चों को नामनिर्देशित करने की अनुमति देना-संबंधी।

****

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50 के उप-नियम(8) और उप-नियम(9) के उपबंधों के अनुसार, यदि किसी मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी का उत्तरजीवी पति/पत्नी हो, तो कुटुंब पेंशन सबसे पहले उसके पति/पत्नी को दी जाती है तथा बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य, अपने क्रमवार, कुटुंब पेंशन के लिए उस दशा में पात्र हो जाते हैं, जब मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी का पति/पत्नी कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र हो जाए या उसकी मृत्यु हो जाए।

2. इस विभाग को मंत्रालयों/विभागों से बड़ी संख्या में ऐसे संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें यह सलाह मांगी जा रही है कि क्या वैवाहिक कलह के कारण अदालत में तलाक की कार्यवाही दायर करने या घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम या दहेज प्रतिषेध अधिनियम या भारतीय दंड संहिता के अधीन किसी मामले को दायर करने की स्थिति में महिला सरकारी कर्मचारियों/महिला पेंशनभोगी को कुटुंब पेंशन के लिए अपने पति से पूर्व अपने बच्चे/बच्चों को नामनिर्देशित करने की अनुमति दी जा सकती है।

3. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से मामले की जांच की गई है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि यदि किसी महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी की बाबत तलाक की कार्यवाही अदालत में लंबित है, या महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम या दहेज प्रतिषेध अधिनियम या भारतीय दंड संहिता के अधीन अपने पति के विरुद्ध मामला दायर किया है, तो ऐसी महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी अपनी मृत्यु के बाद, अपने पति से पूर्व अपने पात्र बच्चे/बच्चों को कुटुंब पेंशन देने का अनुरोध कर सकती है और ऐसे अनुरोध पर निम्नलिखित रीति से विचार किया जा सकता है:

(क) जहां, किसी महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी की बाबत, तलाक की कार्यवाही सक्षम न्यायालय में लंबित है, या महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम या दहेज प्रतिषेध अधिनियम या भारतीय दंड संहिता के अधीन अपने पति के विरुद्ध मामला दायर किया है, तो उक्त महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी, संबंधित कार्यालय अध्यक्ष को लिखित रूप में इस आशय का अनुरोध कर सकती है कि, उपरोक्त किसी भी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान उसकी मृत्यु होने की स्थिति में, कुटुंब पेंशन उसके पति से पूर्व उसके पात्र बच्चे/बच्चों को मंजूर की जाए;

(ख) उपरोक्त किसी भी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान खंड(क) के अधीन अनुरोध करने वाली महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी की मृत्यु होने की स्थिति में, कुटुंब पेंशन निम्नलिखित रीति से संवितरित की जाए, अर्थात्:

(i) जहां मृतक महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी का उत्तरजीवी विधुर हो और महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी की मृत्यु होने की तारीख पर कोई बच्चा/बच्चे कुटुंब पेंशन के लिए पात्र नहीं है, तो विधुर को कुटुंब पेंशन देय होगी।

(ii) जहां मृतक महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी का उत्तरजीवी विधुर हो और उसके साथ अवयस्क बच्चा/बच्चे हों या मानसिक मंदता सहित किसी मानसिक विकार या नि:शक्तता से ग्रस्त कोई बच्चा/बच्चे हों, तो मृतक की बाबत कुटुंब पेंशन विधुर को देय होगी, बशर्ते वह ऐसे बच्चे/बच्चों का संरक्षक हो और यदि विधुर ऐसे बच्चे/बच्चों का संरक्षक नहीं बना रहता, तो ऐसी कुटुंब पेंशन उस बच्चे को, उस व्यक्ति के माध्यम से देय होगी जो ऐसे बच्चे/बच्चों का वस्तुत: संरक्षक हो। जहां अवयस्क बच्चा वयस्कता की आयु प्राप्त करने के पश्चात् कुटुंब पेंशन के लिए पात्र रहता है, ऐसे बच्चे को उसके वयस्कता की आयु प्राप्त करने की तारीख से कुटुंब पेंशन देय हो जाएगी।

(iii) जहां मृतक महिला सरकारी कर्मचारी/महिला पेंशनभोगी के उत्तरजीवी विधुर के साथ बच्चा/बच्चे हैं, जो वयस्कता की आयु प्राप्त करने के पश्चात् कुटुंब पेंशन के लिए पात्र है या हैं, तो कुटुंब पेंशन ऐसे बच्चे/बच्चों को देय होगी।

(iv) केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50 के अधीन उपरोक्त खंड(ii) और (iii) में उल्लिखित बच्चे/बच्चों की कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता समाप्त होने के पश्चात्, कुटुंब पेंशन अन्य बच्चे/बच्चों को, जो कुटुंब पेंशन के लिए पात्र हो, यदि कोई हो, को देय हो जाएगी।

(v) केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50 के अधीन कुटुंब पेंशन के लिए सभी बच्चों की पात्रता समाप्त होने के पश्चात्, ऐसी कुटुंब पेंशन विधुर को उसकी मृत्यु या पुनर्विवाह होने तक, जो भी पहले हो, देय हो जाएगी।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस आदेश की विषयवस्तु को लेखा नियंत्रक/वेतन और लेखा अधिकारियों और उनके अधीन संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों के संज्ञान में लाएं।

5. भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में सेवारत कर्मचारियों के संबंध में, भारत के संविधान के अनुच्छेद 148(5) के अधीन यथा अधिदेशित ये आदेश भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के परामर्श से जारी किए जाते हैं।

6. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50 में औपचारिक संशोधन पृथक रूप से अधिसूचित किया जाएगा।

रविंद्र कुमार

(रविंद्र कुमार)
निदेशक

सेवा में

